मैं नया भारत हूँ।

मैं नया भारत हूँ, मैं नया भारत हूँ,
मैं नया भारत हूँ, मैं नया भारत हूँ,

भीड़ में चलना नहीं, अब आगे निकलना है,
शीश उठाकर गर्व से, आगे ही चलना है,
जात पात और धर्म से ऊपर, देश को रखना है।
अब देश हित में जीना है, और देश हित में मरना है।
अब देश हित में जीना है, और देश हित में मरना है।

युवा कंधो पे खड़ी, सुदृढ़ इमारत हूँ।
मैं नया भारत हूँ, मैं नया भारत हूँ।

गणित, भूगोल, विज्ञान में , नए आयाम पाना है,
देश को व्यापार में, अव्वल बनाना है,
खेल चाहे हो कोई, हमें जीतकर के आना है,
उत्तम शिक्षा से भारत को, विश्वगुरु बनाना है।
उत्तम शिक्षा से भारत को, विश्वगुरु बनाना है।

सीना ताने, अटल खड़ा, आबाद भारत हूँ।
मैं नया भारत हूँ, मैं नया भारत हूँ।

स्वछता को अपनी जीवन शैली बनाना है,

गरीबी और भुखमरी को जड़ से मिटाना है,

आतंकवाद जैसे शत्रु पर विजय पाना है,

बेईमानी और भ्रष्टाचार, देश से हटाना है।

बेईमानी और भ्रष्टाचार, देश से हटाना है।

जंजीरों में जकड़ा नहीं, आजाद भारत हूँ।

मैं नया भारत हूँ, मैं नया भारत हूँ।

- देवेंद्र शर्मा